DEVGAZ/JLNROEST/1/2026-JLNR-GAZ

1/1049766/

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ,गाजीपुर–233001
e-mail-ee3cdjngp.up@gmail.com, eeupjnrgzp@gmail.com

पत्रांक / / दिनांक–

सेवा में

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय– दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''15–महीने से अधर में लटकी जल जीवन मिशन की टंकी, अधियारां के ग्रामीणों में नाराजगी, बजट नहीं मिलने से पाइप लाइन विस्तार भी रुका'' के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक आप महोदय को सादर अवगत कराना है कि दैनिक भास्कर सोशल मिडिया न्यूज में अंकित शीर्षक ''15–महीने से अधर में लटकी जल जीवन मिशन की टंकी, अधियारां के ग्रामीणों में नाराजगी, बजट नहीं मिलने से पाइप लाइन विस्तार भी रुका'' की खबर दैनिक भास्कर सोशल मिडिया में दिनांक–13.05.2026 को प्रकाशित हुयी है।

उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत अधियॉरा ग्रामीण पाइप पेयजल योजना का निर्माण कार्य मेसर्स एल0 एण्ड टी0 द्वारा कराया जा रहा है। योजना के अन्तर्गत प्रस्तावित 01 नलकूप पूर्ण, शिरोपरि जलाशय 75 किली0 / 14 मी0 स्टेजिंग का निर्माण कार्य 70 प्रतिशत पूर्ण, पाइप लाइन बिछाने का कार्य 5.30 कि0मी0 के सापेक्ष 4.20 कि0मी0 पूर्ण एवं पम्प हाउस, बाण्ड्रीवाल तथा गृह जल सयोजन का कार्य कराया जाना शेष है। कार्यदायी फर्म मेसर्स एल0 एण्ड टी0 के पत्रांक LTCD/GZP/WET/WW/SKP/2026-27/1013 दिनांक 14.05.2026 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा अवगत कराया गया है कि योजना के कैम्पस स्थल पर भूमि विवाद होने के कारण बाउण्ड्रीवाल एवं पम्प हाउस का कार्य अपूर्ण है। धनावंटन / भुगतान न होने के कारण कार्यदायी फर्म द्वारा योजनाओं के कार्यो की प्रगति वर्तमान में धीमी कर दी गई है। भुगतान प्राप्त होने की दशा में आगामी 6 माह में योजनान्तर्गत समस्त अवशेष कार्य पूर्ण कराते हुए योजनान्तर्गत पेयजल आपूर्ति संचालित करा दी जायेगी।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

Digitally signed by
SUNIL KUMAR
Date: 14-05-2026
19:38:39

भवदीय

अधिशासी अभियन्ता

Letter/EE/2025/510